# कन्हार


## छत्तीसगढ़ की माटी



अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय न्यूज लेटर

संस्करण 11 (3) अक्टूबर-दिसम्बर, 2021

त्रैमासिक पत्रिका



कुलपति
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

प्रिय पाठकों !

विश्वविद्यालय परिवार आप सभी पाठकों का त्रैमासिक पत्रिका के इस नवकृत प्रकाशन के साथ अपना अभिवादन प्रस्तुत करता है। प्रियजनों आपको यह जानकर अति प्रसन्नता होगी कि दिनांक 02 अक्टूबर 2021 को राष्ट्रपिता महात्मागांधी जी की 152 वीं जयंती के अवसर पर हमारे विश्वविद्यालय ने प्लास्टिक के उपयोग पर रोकथाम हेतु नवाचार का अनुशरण किया हैं जिसमें विश्वविद्यालय परिसर के नीत-दैनंदनी उपयोग में आने वाले प्लास्टिक के चायकप की जगह मिट्‌टी से बने कुल्हड़ का उपयोग प्रचलन में लाया गया है। विश्वविद्यालय स्तर पर यह अभिनव प्रयास और पहल है यह अनुपालन हमें हमारे प्राचीन सभ्यता के साथ जनसामान्य के प्रति लगाव को व्यक्त करता है। नवाचार अनुग्रहण के इस क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अग्रणी रहकर एन.सी.सी. को स्नातक स्तर के पाठ्‌यक्रम में समाहित करने कि प्रक्रियों का संपादन किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के आदिम जाति/जनजाति एंव अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के द्वारा ''आदिवासी इतिहास और हमारा भविष्य'' विषय पर व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। भगवान बिरसा मुण्डा जंयती के पालन कार्यक्रम में ''भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान एवं आदिवासी विकास की व्यूहरचना' विषय पर माननीय राजेश टोप्पों (भा.प्र.से.) के वक्तव्य से विश्वविद्यालय परिवार निश्चित ही लाभांवित हुआ है। विश्वविद्यालय परिवार द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस एवं संविधान दिवस सफलता पूर्वक मनाया गया। अत्यनत हर्ष का विषय यह भी है कि विश्वविद्यालय ने शहीद नंदकुमार पटेल लोक प्रशासन एवं अपराध अध्ययन शोध पीठ तथा अटल बिहारी वाजपेयी सर्वसमावेशी राजनीति के क्षेत्र में 02 शोध पीठों का लोकार्पण के सफल कार्यक्रम का अयोजन किया।


विश्वविद्यालय के संगणक विज्ञान एवं अनुप्रयोग विभाग ने अमेरिकन इंस्टीट्‌यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नालॉजी के सहयोग तथा कम्प्यूटर सोसाइटी आफ इंडिया के समर्थन से दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन ''इनोवेटिव रिसर्च इन साईंस, मैनेजमेंट एण्ड टेक्नालॉजी'' विषय पर आयोजन किया जिसमें 10 विभिन्न देशों के शोधार्थीयों से कुल 193 शोध पत्र प्राप्त हुऐ। जो विश्वविद्यालय स्तर की तीसरी अंतराष्ट्रीय सम्मेलन रही।

कोविड-19 संक्रमण के कारण खेल सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। किन्तु यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में पूर्वी क्षेत्र अर्न्तविश्वविद्यालयीन पुरूष हॉकी तथा पूर्वी क्षेत्र अर्न्तविश्वविद्यालयीन महिला हॉकी प्रतियोगिता की सफलतापूर्वक आयोजन और मेजबानी की। इसके उद्‌घाटन सत्र में अतिथि के रूप में श्री उमेश पटेल जी माननीय उच्च शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की गरिमामय उपस्थिति रही। विश्वविद्यालय के कुल-उत्सव अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।


हमारे विश्वविद्यालय में विशेष रूप से समझौता ज्ञापन प्रकोष्ठ, केन्द्रीय ग्रंथालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ सभी विभागों ने सक्रिय रूप से विभिन्न कार्यक्रमों का अयोजना कर जागरूपता का वातावरण प्रस्तुत करने का सराहनीय कार्य किया है।

आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी


## Department of Hotel Management and Hospitality





## Department of Microbiology and Bioinformatics





## Department of Yoga Science




## Department of Computer Science and Application




## Department of Commerce and Financial Studies




## Department of Food Processing and Technology



## "समसामयिकी परिस्थिति और महात्मा गांधी की वैश्विक प्रासंगिकता" पर विचारगोष्ठी

लाल बहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी जी के पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा समसामयिकी परिस्थिति और महात्मा गांधी की वैश्विक प्रासंगिकता विषय पर विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। सत्र की शुरुआत माननीय कुलपति महोदय द्वारा लाल बहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम पर क्रमश संस्कृति गुप्ता द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन "वैष्णव जन तो तेने कहिए" की प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ''आदित्य सत्संगी अमेरिक'' ने अपने वक्तव्य में कहा की भारत एक अद्‌भुत देश है, हमारी संस्कृति कभी गुलामों की संस्कृति नहीं रही है, हम स्वतंत्र भारत के स्वतंत्र नागरिक हैं, गांधीजी ने हमें स्वतंत्रता सभ्यता स्वच्छता व आत्मविश्वास की शिक्षा दी है। उन्होंने भगवत गीता के ऊपर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि गांधीजी जब भी किसी समस्या में होते थे, वे ''श्रीमद् भगवत गीता'' का अध्ययन करते थे जिसमें मानव जीवन के सभी समस्यों के हल मौजूद है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने बतलाया की गांधी जी ने गुलामी की जंजीर को अपने सात्विक व अहिंसात्मक प्रयोगों से तोड़कर उन्होंने सत्य अहिंसा का मार्ग विश्व को दिखलाया, गांधीजी के समस्त प्रयोग समाजवाद को लेकर हैं उन्होंने छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने की बात कही, समाज को स्वावलंबी, सभ्य बनाने पर बल दिया, गांधी निडर योद्धा व प्रयोगधर्मी थे वे सर्व समावेशी जननायक थे ऐसे व्यक्तित्व से हमें मानवतावाद, समाजवाद, राष्ट्रवाद की शिक्षा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में कुलसचिव डॉ. सुधीर शर्मा ने सभी उपस्थितों के प्रति आभार प्रदर्शन किया तथा कार्यक्रम समन्वयक प्रो. एच.एस. होता के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलता पूर्वक समापन हुआ।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय ने निम्नवत् नवचार अपनाने का निर्णय लियाा :–

- विश्वविद्यालय ने स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने हेतु कुछ विशेष कदम उठाए है जिसमें प्लास्टिक के सामानों का प्रयोग ना करके मिट्टी के कुल्हड़ इत्यादि के सामानों का प्रयोग किया जाएगा।
- गांधी जी द्वारा 25 नवंबर 1935 को बिलासपुर आगमन पर जो उन्होंने अस्पृश्यता निवारण हेतु उद्‌बोधन दिया था उसी स्थान पर उनके द्वारा लगाए गए वृक्ष की रक्षा सेवा राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों के द्वारा की जाएगी वह उस स्थान को उनकी स्मृति के रूप में स्वच्छ रख कर उसे गोद लेने की बात भी विश्वविद्यालय द्वारा की गई।

इस विचार गोष्ठी में सहायक कुलसचिव – नेहा यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक – डॉ. मनोज सिन्हा, प्रतिवादी श्री सौमित्र तिवारी के साथ समस्त विश्वविद्यालय के शिक्षिक स्थानीय जनमानस व मीडिया के पत्रकार उपस्थित रहे ।

# विश्वविद्यालय में शहीद नन्द कुमार पटेल, लोक प्रशासन एवं अपाध अध्ययन शोध–पीठ की स्थापना

माननीय उच्च शिक्षा मंत्री, श्री उमेश पटेल जी के द्वारा 08 नवम्बर 2021 को शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) के प्रथम कुल उत्सव एवं शहीद नंद कुमार पटेल जी की जीवनी पर प्रकाशित स्मृति ग्रंथ विमोचन समारोह पर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में लोक प्रशासन एवं अपराध अध्ययन शोध पीठ की स्थापना की। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी द्वारा शहीद नंद कुमार पटेल जी को याद कर अपनी भावंजलि लेख प्रस्तुत की जिसमें उन्होंने 25 मई, 2013 को काला दिवस एवं घटना को हद्य विदारक कहा है। उन्होंने लिखा है की श्री नंद कुमार पटेल जी सहज, सरल किन्तु प्रभावोत्पादक कार्यशैली के लिये प्रसिद्ध थे। इनके किये गये कार्य अभी भी लोग याद करते है और उन्हे प्रमाणिक उदाहरण स्वरूप प्रस्तुत करते हैं। अटल बिहारी वाजवेयी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य श्री अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने विश्वविद्यालय शैक्षिक व्यवस्था में बदलाव लाने के साथ ही साथ शोध और अनुसंधान को बढ़ाने के लिए कई नए प्रयोग किये है। शोध पीठ के उद्देश्य निम्नबिन्दुओं पर आधारित है –

- क्षेत्रीय विकास में व्यक्तिगत अभिरूचि का अध्ययन एवं अनुसंधान,
- समाज के मत्वपूर्ण वर्गों में परस्पर समन्वय का अध्ययन एवं अनुसंधान,
- नागरिक उत्तरदायित्व एवं अधिकार संबंधी अध्ययन एवं अनुसंधान,
- नागरिक अधिकारों का सामाजिक सरोकार संबंधी अध्ययन एवं अनुसंधान,
- मानवीय एवं संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा में लोक प्रशासन की भूमिका संबंधी अध्ययन एवं अनुसंधान,
- समाज में व्याप्त अपराध के कारण, परिणाम एवं समाधान संबंधी अध्ययन एवं अनुसंधान,
- शहीद नन्दकुमार पटेल जी के जीवन मूल्यों से सम्बंधित कोई अन्य विषय।

उपरोक्तानुसार उद्देश्यों को ध्यान में रख कर शोध पीठ के अन्तर्गत प्रस्तावित गतिविधियॉ शोध परियोजना, संगोष्ठी, कार्यशाला, सम्मेलन और परिचर्चा का आयोजन करना है। साथ ही राज्य एवं केन्द्र को नीतिगत सूझााव देवा एवं संदर्भ स्त्रोंत तथा अभिलेखागार विकसित करना रहेगा। अंत में उन्होने शोध पीठ की परिकल्पना में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुधीर कुमार शर्मा, डॉ. एच.एस. होता, डॉ. सीमा बेलोरकर, इंजी. सौमित्र तिवारी के साथ बिलासपुर शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. विवेक वाजपेयी का प्रमुख योगदान रहा।

# राष्ट्रीय एकता दिवस

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 14 नवम्बर, 2021 को सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के मौके पर विश्वविद्यालय ने गोद ग्राम लोफंदी कोनी धौलपुर में सर्वप्रथम ग्राम के लोगों महिलाओं एवं बच्चों को स्वच्छता व एकता की



शपथ दिलाई गई, एकता दौड़ और स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. ग्राम में विभिन्न स्थानों में सफाई के साथ–साथ सिंगल यूज प्लास्टिक को हटाने की अपील करते हुए छात्रों द्वारा स्वनिर्मित पेपरबैग्स लोगों और दुकानदारों को वितरित किए गए, जिसमें ग्राम के लोगों का सहयोग विशेष रूप से मिला।

'भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान एवं आदिवासी विकास की व्यूहरचना'' जयंती पालन कार्यक्रम



15 नवम्बर, 2021 को बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर उपरोक्त विषय ''भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान एवं आदिवासी विकास की व्यूहरचना'' पर जंयती पालन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय राजेश सुकुमार टोप्पो (भा.प्र.से.) उपस्थिति रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति महोदय आचार्य अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी रहे।



## ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप एनसीसी पाठ्क्रम में समाहित करने के प्रस्ताव

मंगलवार दिनांक 23 नवम्बर, 2021 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य डॉ. अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी, ब्रिगेडियर आशीष कुमार दास (वीएसएम) और कर्नल सतीश कुमार गुप्ता जी के मध्य ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप एनसीसी को विश्वविद्यालय से संबंद्ध सभी महाविद्यालयों में वैकल्पिक विषय के तौर पर पाठ्क्रम में समाहित करने के प्रस्ताव और इसे लागू करने की रूप रेखा तैयार करने पर विस्तृत चर्चा हुई साथ ही युवाओं के विकास में एनसीसी की गुणवक्तानुरूप योगदान और क्षमता में वृद्धि करना मुख्य बिन्दु रहा । कुलपति जी ने अपने वक्तव्य में कहा मैं पूर्व में भी एनसीसी से जुड़ा रहा हूॅ, एनसीसी सदैव अनुशासन, राष्ट्रीय सेवा की सीख देती है। यह कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण के अलावा समाजपयोगी कार्यो के प्रति दिशा बोध कराती है। निश्चित ही हमारे विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में इस प्रस्ताव के संचालित होने पर एनसीसी यूनिट कैडेट्स को बेहतरीन कॅरियर विकल्प देगी। ब्रिगेडियर आशीष कुमार दास ने एनसीसी को देश सेवा के लिए समर्पित युवाओं की टीम कहॉ। वहीं कर्नल सतीश कुमार गुप्ता ने एनसीसी कैडेट्स से पूरी लगन व निष्ठा के साथ शिविर आत्मसात कराना लक्ष्य बताया।

## आदिवासी इतिहास और हमारा भविष्य्'' विषय पर सेमीनार

27 नवम्बर, 2021 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के एस.टी., एस.सी., ओ.बी.सी. प्रकोष्ठ द्वारा आदिवासी इतिहास और हमारा भविष्य्'' विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. अमरजीव लोचन, दिल्ली विश्वविद्यालय से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की




अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय आचार्य अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने की, कार्यक्रम का संचालन श्रीमती स्वातिराज टोप्पो समन्वयक एसटी, एससी, ओबीसी प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ''प्रो. अमरजीव लोचन जी'' ने अपने उद्‌बोधन मे कहा की ''आदिवासियों के उत्थान के लिए उन्हें उनके इतिहास की जानकारी होना आवश्यक है। आदिवासियों को किसी

तरह इतिहास से अलग कर दिया गया, परंतु मुख्य बात यह है कि हम सभी की उत्पत्ति आदिवासियों के डीएनए से ही हुई है और भारत के मूल निवासियों में सभी के अंदर है। आदिवासियों से बड़ा कोई साइंटिस्ट नहीं क्योंकि उन्हें हर बीमारी के इलाज की जानकारी होती थी, जिनका कोई विशेष संरक्षण नहीं होता। यह उच्च स्तर की जानकारी आज भी हमारे पास उपलब्ध नहीं है भले ही जानकारी अच्छी तरह से संरक्षित नहीं की गई हो पर तारों के दशा और दिशा तथा मिट्टी के बारे में जो जानकारी आदिवासियों के पास है वह आज भी हमारे पास नहीं है। उनकी जाति और जनजाति तथा मान्यता के प्रति में हमारे मन मस्तिष्क में जो भी अलगाववादी सोच है उसे बंद करना चाहिए। ”

माननीय कुलपति महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा बहुत जल्द ही एक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा जो देश–विदेश के आदिवासियों का सम्मेलन होगा जिसमें आदिवासियों से संबंधित उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को उजागर कर उनकी अच्छी बातों को वर्तमान परिवेश में समाहित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव महोदय द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सेमिनार में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों से एसटी/एससी विद्यार्थी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

## 75वीं आजादी का अमृत महोत्सव मानाते हुए ''समरस समाज की स्थापना का संकल्प''

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के बिलासा सभागार में 18 दिसम्बर, 2021 को 75वीं आजादी का अमृत महोत्सव मानाते हुए ''समरस समाज की स्थापना का संकल्प'' विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फग्गन सिंह कुलस्ते केन्द्रीय राज्य मंत्री इस्पात एवं संयत्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली एवं विशिष्ट अतिथि कैलाश गुप्ता स्वामीत्व शिवम मोटर्स, कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलपति महोदय आचार्य (डॉ.) अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी एवं संयोजक कुलसचिव डॉ. सुधीर शर्मा उपस्थित रहें। छत्तीसगढ़ के राज्यगीत स्तुती के पश्चात् मंचस्थ अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। भारत के 75 वीं स्वतंत्रता के वर्षगांठ के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों पर 75 व्याख्यान माला के आयोजन करने संबंधी संकल्प को सभी उपस्थितियों के समछ रखा और बाबा गुरू घासीदास जी के जयंती के अवसर पर सभी उपस्थित लोगो को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी का संक्षिप्त परिचय डॉ. सुमोना भट्टाचार्य जी के द्वारा प्रदान किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी को अपना वक्तव्य रखने मंत्र पर आमंत्रित किया गया। माननीय मुख्य अतिथि जी ने अपने वक्तवय में कहॉ की – ''समरस समाज की स्थापना का संकल्प'' बिना जाति भेदभाव के घर, गांव, गरीब तक योजनाओं को पहुँचाना, समाज






को जोड़ना चाहे व किसी भी वर्ग, समूह, धर्म या जाति का हो, उन्हे नजदीक लाना ही इस विषय की संपुष्टि है। विश्वविद्यालय के आजादी के 75वी स्वतंत्रता वर्षगांठ के अवसर पर अलग–अलग विषयों पर व्याख्यान–माला या संगोष्ठी के आयोजन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और इस निर्णय की सराहना की। निश्चित ही इसका प्रभाव समाज पर पड़ेगा और हर क्षेत्र के व्यक्तियों के लिए विश्वविद्यालय के आगामी कार्यक्रम का हिस्सा बने। उन्होने विश्वविद्यालय के कल्पना का प्रोत्साहित किया और अच्छे काम और सोंच के चिंतन के लिए मानीयक कुलपति महोदय को शुभकामना प्रदान की। इसके पश्चात् माननीय कुलपति महोदय जी को अपने उद्बोधन हेतु मंत्र पर आमंत्रित किया गया। माननीय कुलपति महोदय ने अपने उदबोधन में कहा की ''समरस समाज की स्थापना का संकल्प'' हमारा संवैधानिक घोषित संकल्प है और सांस्कृतिक अघोषित संकल्प है। संविधान में हमने एक समता मूलक समाज की स्थापना का लक्ष्य रखा है जो संवैधानिक घोषित हमारा संकल्प है जिससे हम पीछे नहीं हो सकते। और अघोषित संस्कृतिक संकल्प है हमारा, क्योकि हम भिन्न–भिन्न प्रान्तों में, भिन्न–भिन्न स्थानों में, भिन्न–भिन्न भाषाओं को लेकर के, भिन्न–भिन्न धर्मों को लेकर के, भिन्न–भिन्न जातियों को लेकर के लाखों वर्षों से चलते–चले आ रहें है। इसलिए दिखाई पढ़ने वाली भिन्नता तो है पर उसे जोड़ने वाली संस्कृतिक चेतना है जो एक–दूसरे को जोड़ते रहती है। मैं निवेदन कर रहा था जिस चीज को संविधान ने घोषित किया है वो हमारी संस्कृति ने और हमारे संस्कारों ने जींया है। उसके साक्षात प्रमाण हमारे आदरणीय श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी के रूप में दिखाई पडते है। राजनेताओं से जन सामान्य की अपक्षाओं, आशा एवं उम्मीदों पर कहा की वे जोड़ने वाली राजनीति करे न की तोड़ने वली और इसके लिए राजनेताओं को अपनी उत्तरदायीत्वों को ध्यान में रखने की बात कही। इसके पश्चात् उन्होनें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी के सहजता से अपने कार्यानुभव को साझा करने एवं ''समरस समाज की स्थापना का संकल्प'' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में उद्बोधन पर अभिवादन किया और कहा की आप राजनीतिक भूमि में अपनी छाप छोड़ी है और आप जनता के साथ मिल कर रहने और चलने वाले संवेदनशील व्यक्तित्व है। उन्होने कहा की – मुख्य अतिथि के रूप में अपने पूर्वी अनुभव एवं कार्यक्षेत्र जिनका सकारात्मक सोच एवं समीक्षात्मक मौखित दस्तावेज की प्रस्तुत किया है इस हेतु आपका हार्दिक अभिवादन किया।




कार्यक्रम के अंतिम सत्र में माननीय कुलपति महोदय ने मुख्य अतिथि फग्गन सिंह कुलस्ते एवं विशिष्ट अतिथि कैलाश गुप्ता का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कुलसचिव ने कार्यक्रम अंत में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कुलपति महोदय के साथ सभी अधिकरी शिक्षक कर्मचारी एवं उपस्थित मिडियों के लोगों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया और राष्ट्रगान पश्चात् कार्यक्रम के समापन की घोषणा हुई।

## संविधान दिवस

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के बिलासा सभागार में 26 नवम्बर, 2021 को संविधान दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज सिन्हा, संचालक राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया। कार्यक्रम संचालन के क्रम में सभी उपस्थितों को संविधान को साक्षी मानकर एक जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ दिलवाई गई और संविधान के इतिहास पर चर्चा की।

माननीय कुलपति महोदय ने अपने वक्तव्य में कहा की संविधान को आत्मार्पित करें, हम भारत के लोग ही संविधान को निर्मत करते है, सब एक साथ बैठे है वो इसी संविधान का आर्शीवाद है। संविधान क्षेत्र, जाति, धर्म, भाषा से परे हमें सम्पन्नता प्रदान करती हैं वरना जिसके पास शक्ति जितनी होती उसे उतनी ही प्राप्ति होती। हमारा संविधान परिष्कार अर्थात् समय के साथ सुधार की पर्याप्त गुंजाईश देता है यह एक दर्शन है जिसे जानने की जरूरत है। हमारे प्रजातंत्र की शक्ति, कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका विभिन्न इसमें समाहित है। कार्यक्रम के अंत में माननीय कुलपति महोदय जी ने सभी उपस्थित शिक्षकों, छात्र–छात्राओं तथा कर्मचारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. मनोज सिन्हा ने छात्र–छात्राओं से डिबेट, निबंध और ऑनलाईन क्वीज में भाग लेने की सूचना प्रदान की गई।

## तृतीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन विभाग, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा ''इन्नोवेटिव रिसर्च इन साइंस, मेनेजमेन्ट एवं टेक्नोलॉजी'' विषय पर दो दिवसीय तृतीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन दिनांक 27–28 दिसंबर 2021 को किया गया। उद्घाटन सत्र दिनांक 27 दिसंबर, 2021 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाईन माध्यम से संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा आयोजित यह तीसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आई.सी. आर.एस.एम.टी. के रूप में प्रदेश ही नहीं देश में भी विख्यात है तथा प्रति वर्ष इसमें शोधार्थी बड़ी संख्या में सम्मिलित हो रहे है।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ. डेनियल ओकमबर फिटवीले विश्वविद्यालय अमेरिका ने सत्र में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय को बधाई प्रेषित की तथा अमेरिका में किये जा रहे शोध को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. डी.के.शर्मा, मैरीलैंड विश्वविद्यालय इंर्स्टन शोर, अमेरिका ने अमेरिकन इस्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी, अमेरिका के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनांए प्रेषित की।

उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने वर्तमान युग में तकनीक की आवश्यकता पर बल देते हुये विभिन्न विषयों को आपस में जोड़ कर नवीन शोध करने हेतु बल दिया जो समाज के लिये उपयोगी हो। उन्होंने कम्प्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष, डॉ. एच.एस. होता तथा समस्त शिक्षकों को इस प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हेतु बधाई देते हुये इस प्रकार के कार्यक्रम की श्रृंखला आयोजित करने पर बल दिया ताकि क्षेत्र के शोधार्थियों को इसका लाभ मिल सके तथा वे नवीन शोध हेतु उन्मुख हो सके।

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 193 शोध पत्र प्राप्त हुये  जिसमें प्रदेश एवं देश के शोधार्थियों के अलावा 10 विभिन्न देशों के शोधार्थी भी सम्मिलित है जिसमें  ओमान, फिलिपिंस, कनाडा, यू.ए.ई., मॉरीशस, थाईलैंड, अमेरिका, कुवैत, साउथ आफ्रिका, मेलशिया सम्मिलित है। उन्होंने आगे बताया कि इन शोध पत्रों को 16 तकनीकी सत्रों में विभाजित किया गया। जिसमें देश एवं विदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के शिक्षक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की। ये समस्त तकनीक सत्र दिनांक 27–28 दिसंबर 22021 को आयोजित किये गये।

उद्घाटन सत्र में अमेटी विश्वविद्यालय कोलकाता के कुलपति डॉ. संजय कुमार ने नवाचार एवं इन्क्यूवेशन पर अपना प्रमुख व्यक्तव्य दिया और उन्होंने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय को इन्क्यूवेशन सेंटर की शुरूवात करनी चाहिए तथा छात्रों के मध्य महत्वपूर्ण सोच को विकसित करने हेतु प्रयास करनी चाहिये उन्होंने भारत सरकार के द्वारा स्टार्ट–अप हेतु किये जा रहे सुविधा का लाभ लेते हुये शोध एवं नवाचार में कुछ महत्वपूर्ण एवं अच्छा करने का आव्हान भी किया है।

कार्यक्रम के अंत में प्रो. श्रिया साहू, सहायक प्राध्यापक ने ऑनलाईन माध्यम से उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

दिनांक 28 दिसंबर, 2021 सायं को अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, प्रो. जी.डी. शर्मा सम्मिलित हुए। उन्होंने तीसरी बार इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु डॉ. एच.एस. होता, विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर साइंस को बधाई देते हुए अर्न्तविषयी शोध को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति, आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने विभिन्न प्रासंगिक एवं नवीन विषयों पर देश–विदेशों के शोधार्थियों द्वारा शोध पत्रों की प्रस्तुती पर प्रशंसा जाहिर की। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में ए.आई.एम.टी. के अध्यक्ष प्रो. देवा डी. शर्मा, अमेरिका तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. एरॉन रबाबा, अमेरिकन विश्वविद्यालय कुवैत, कुवैत ने भी संबोधित किया।

## व्याख्यान

| क्र. | **विशेषज्ञ** | विषय | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. संजय कुमार<br>कुलपति, अमेटी वि.वि. कोलकाता | नवाचार एवं इन्क्यूवेशन |  |
| 2. | डॉ. केट ब्राउन<br>यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैण्ड इस्टर्न शोर, यू.एस.ए. | नवीन शिक्षण तकनीक |  |
| 3. | डॉ. एम.व्ही. रेड्डी<br>न्यू ग्राफीक वर्ल्ड मोंटेरल, कनाडा | उन्नत नेनो मटेरियल |  |
| 4. | डॉ. आशीष गडेकर<br>अमेटी इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजूकेशन, मारीशस | एजूकेशन 4.0 |  |
| 5. | डॉ. अविनाश गौर<br>यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड एप्लाइड साइंस, ओमान | एम.सी.डी.एम तकनीक |  |
| 6. | डॉ. सईद आमेर<br>खलीफा विश्वविद्यालय, अबुधाबी यू.ए.ई | इंजीनियरिंग शिक्षा में नवाचार |  |

## उद्घाटन

| क्रमांक | नाम एवं संस्था | |
|---|---|---|
| 1. | श्री उमेश पटेल<br>उच्च शिक्षा मंत्री, छ.ग. |  |
| 2. | डेनियल ओकमबर<br>फिटविले विश्वविद्यालय अमेरिका |  |
| 3. | डॉ.डी.के. शर्मा<br>मैरीलैण्ड विश्वविद्यालय अमेरिका |  |

## मापन सत्र के अतिथि गणः–

| क्रमांक | नाम एवं संस्था | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ.जी.डी. शर्मा<br>कुलपति, यू.आई.टी.एम यूनिवर्सिटी, मेघालय |  |
| 2. | डॉ.एरॉन रबाबा<br>अमेरिकन विश्वविद्यालय, कुवैत |  |
| 3. | देवा डी. शर्मा<br>अध्यक्ष ए.आई.एम.टी., अमेरिका |  |

## Best paper award ICIRSMT 2021

| S.No. | Track | Name | Affiliation |
|---|---|---|---|
| 1 | Science | Dr. Neha Behar | DLS college, Bilaspur |
| 2 | | Babita Mandavi | Govt. Digvijay Autonomous college Rajnandgaon, India |
| 3 | | Adayasha Purohit | Guru Ghasidash University Bilaspur |
| 1 | Technology | Anirudh Tiwari | Mats University, India |
| 2 | | Tarun Dhar Diwan | Govt. Science College Bilaspur |
| 3 | | Jan Carlo Arroyo | Northern Iloil Polytechnic State college Philippines |
| 4 | | Sidhartha Shankar Dore | Maharaja Sriram Chandra Bhanj Deo university, India |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | | Mariannie Rebortera, | Davao del Norte State College, Philippines. |
| 6 | | Ms Sharda V | University of Technology and applied sciences, Oman |
| 1 | Management | Beby Kendida Hasuibaun | University of Sumatrera Utara, Indonesia |
| 2 | | Gangu Naidu | CHRIST , deemed to be university, India |

# केन्द्रीय पुस्तकालय

**संक्षिप्त इतिहास** – अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में केन्द्रीय पुस्तकालय, स्थापना काल से प्रारम्भ है क्रमशः विश्वविद्यालय के छात्र/छात्राओं और कर्मचारीयों को ग्रंथालय का लाभ पहुचाने के उद्देश्य से इसे में आसान पहुच स्थान को ध्यान में रखकर 15 अगस्त 2019 बिलासा सभागार परिसर एवं वर्तमान में विश्वविद्यालय के नवीन भवन कोनी में संचालित है।

**उद्देश्य** – केन्द्रीय ग्रंथालय द्वारा भारतीय ग्रंथालय विज्ञान के जनक **डॉ. श्याली रामामृत रंगानाथ जी** द्वारा प्रदत्त ग्रंथालय विज्ञान के पांच सूत्र केन्द्रीय ग्रंथालय द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का अधार है।






# CURRENT STATUS (2021-22)

**collection**
- More than 5000 plus book (Process)
- UTD program wise Printed journal acquire (process)
- Online journal (E-journals) acquire (Process)
- E-book Acquire (pro.)
- Hindi/English/ Chhattisgarhi literature section

**In-house service**
- Library OPAC
- e-library
- Water cooler for Library User
- News Paper Coupling
- BAR-Code Installation

**Extension service**
- MoU
  - CEC (complete)
  - Sodhgangotri (Process)
  - CVRU (Process)
- URKUND in Library
- DELNET
- Library Management software installation (Process)
- GBS (Gift Book Section)


# FUTURE PLAN (2021-22)

**collection**
- More than 10000 plus book
- UTD program wise Printed journal acquire
- E-journal acquire
- Rear book collection
- Manuscript Collection

**In-house service**
- OPAC touch Display service
- More than 25 student capacity in e-library
- AC-Reading Room
- News Paper Desk
- BAR-Code Circulation

**Extension service**
- Exhibition of Store
- User Orientation Program
- MoU
  - Indian Library association (ILA)
  - ATLIS
- URKUND inquiry

# 2021-22 YEAR IN REVIEW Central Library - ABVV




People

| S.no | Image | Name | Designation | Qualification | E-Mail | Mobile No. | ROLE AND RESPONSIBILTIY |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 |  | ER. YASHWANT KUMAR PATEL (I/C) | Assistant Professor & Head | M.Tech ,ICAR-NET | profykpatel@gmail.com | 7748800660 | Responsibilities of Library Headship, Policy & Decision Making , Assist all staff in executing the works, LibGuide Management, Revenue Generation |
| 2 |  | MR. AVINASH SINGH THAKUR | Library Assistant (Work Incharge) | M.Sc IT, M.A. (Hindi), M.Lib, PGDCA, BCA | thakuravish@gmail.com | 7000552639 | Library Automation & Digitization , Acquisition and Technical section, Faculty profile management , Resources Management , Library Reference and Research support service and handling , Library Webpage Management, Revenue Generation suggestion |

# कुल–उत्सव

अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस 25 दिसंबर 2021 को विश्वविद्यालय द्वारा कुल–उत्सव के रूप में मनाया जा गया जो दिनांक 24–25 दिसंबर 2021 को दो दिवस आयोजित हुआ। कुल–उत्सव के कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुती तथा प्रसिद्ध पंडवानी गायिका श्रीमती ऋतु वर्मा के पंडवानी गायन से हुआ।




कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) ललित प्रकाश पटेरिया कुलपति शहीद न ंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय उपस्थित रहें। सायं 05:00 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें देश और प्रदेश से प्रसिद्ध कविगण उपस्थित रहें। जिसमें प्रसिद्ध कवि श्री देवेन्द्र देव, श्री दिनेश कुशवाहा, श्री रफीक रिवानी, श्री कुंवर जावेद, श्री गोपाल पाठक, श्री रमेश विश्वहार, श्री मीर अली मीर तथा राजेन्द्र मौर्य कविता पाठ किया। कवि सम्मेलन में बिलासपुर संभाग के संभाग आयुक्त डॉ. संजय अलंग बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।






चूंकि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को कविता से प्रेम था तथा वे स्वयं भी कविता लिखा करते थे एवं कविता पाठ करते थे इस हेतु उन्हे आदरांजली देने हेतु इस कवि सम्मेलन का आयोजन कुल उत्सव के रूप में किया गया। मुख्य कार्यक्रम दिनांक 25.12. 2021 को अटल जी के जन्म दिवस पर मुख्य अतिथि श्री महेश चन्द्र शर्मा जी, कुलाधिपति महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतीहारी, बिहार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती रश्मि आशीष सिंह जी, माननीय संसदीय सचिव एवं श्री शैलेष पाण्डेय विधायक राजपुर उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक श्री बोधराम कंवर जी ने की जबकि स्वागत उद्‌बोधन, कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. एच. एस. होता करेंगे। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय को एकल शोध, अटल बिहारी वाजपेयी सर्वसमावेशी राजनीति शोधपीठ तथा भविष्य दृष्टि आलेख का लोकार्पण किया गया। इसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे छ.ग. के समस्त कुलपतियों का सम्मेलन भी आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेश के शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के माननीय कुलपतिगण **''छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा की प्रवृत्तियां एवं संभावनाएं''** विषय पर मंथन करेंगे। जिसे एक प्रतिवेदन के रूप में संकलित किया जावेगा।





दैनिक भास्कर बिलासपुर भास्कर 25-12-2021

एयू का कुल उत्सव • सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद कवियों ने कविता, गजल, छंद और मुक्तक सुनाए

पंडवानी में महाभारत का दृश्य, शिव और भीम के बीच युद्ध की प्रस्तुति से बंधे रह गए दर्शक

पंडवानी के बीच उठाया तत्कालीन मुद्दों को

अपूर्वा के कथक को मिली सराहना

कवियों ने बांधा समां, बजी तालियां



ऋतु की पंडवानी, अपूर्वा के कथक ने मोहा मन

कुलउत्सव ● अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में दो दिनी कुलउत्सव का शुभारंभ

सरस्वती वंदना के साथ कविता पाठ

उच्च शिक्षा पर राज्य के कुलपति आज करेंगे चर्चा

**02 अक्टूबर गांधी जी एवं लाल बहादुर की जन्म जयंती के अवसर पर स्वच्छता रैली़ का आयोजन**

स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता रैली का आयोजिन किया गया जिसमें नगर के समस्त रासेयो इकाईयों के लगभग 145 रासेयो स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारी ने सहभागिता किया। यह रैली बिलासा सभागार, अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि. बिलासपुर से प्रारंभ होकर गांधी पुतला, शनिचरी जय स्तंभ होते हुए लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में समाप्त हुई । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो.आलोक चक्रवाल जी, मान्. कुलपति गुरू घासीदास केन्द्रीय वि.वि. बिलासपुर एवं आचार्य ए.डी.एन. वाजपेयी जी मान्.कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि. बिलासपुर द्वारा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। बिलासपुर में **25 नवम्बर 1933 को बापू ने शनिचरी बाजार में आम सभा को संबोधित किया था इस स्थान को संरक्षित करने के उद्देश्य से कुलपति आचार्य वाजपेयी ने गोद लेने की घोषणा की।** इस स्थान को एनएसएस और नगर निगम की मदद से विश्वविद्यालय सौंदर्यीकरण करेगी। गोष्ठ के मुख्य अतिथि व वक्ता अमेरिका के सतोलाजी एवरीडे चैट के सस्थापक व अध्यक्ष सत्संगी रहे।



दैनिक भास्कर बिलासपुर भास्कर 03-10-2021

आयोजन • यूनिवर्सिटी में प्लास्टिक का उपयोग बंद

जिस स्थान पर गांधीजी आए थे उस जगह को संवारेगी एयू, लिया गोद

गांधी जी ने छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने कहा था: प्रो. वाजपेयी





# स्वच्छ भारत कार्यक्रम

अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि.बिलासपुर के समस्त रासेयो इकाईयों में 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक **स्वच्छ भारत** कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केन्द्र के साथ किया गया ।




स्वच्छ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत अपने रासेयो इकाईयों से निम्नलिखित गतिविधियॉ का आयोजन किया गया। अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि. परिक्षेत्र के चार जिला बिलासपुर,कोरबा, मुंगेली एवं जीपीएम में 171 गोद ग्राम में आसपास के गांवों को सम्मिलित किया गया जिसमें स्वच्छता कार्यक्रम में मुख्य रूप से एकल/सिंगल उपयोग प्लास्टिक कचरे का संग्रह, ग्राम सौंदर्यीकरण। अभियान और स्वच्छता, स्वच्छ और पारंपरिक जल स्त्रोतों का रख–रखाव इत्यादि कार्यक्रम किया गया। इसी के साथ




सिंगल यूज प्लास्टिक, वेस्ट कचरे को संग्रह किया गया। (अपने क्षेत्रांर्गत नगर,शहर,कस्बा एवं ग्रामों से प्लास्टिक वेस्ट कचरे को नेहरू युवा केन्द्र के सहयोग से संग्रहित किया गयां)



**राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया**

जोहार छतीसगढ़-रतनपुर।

कोटा क्षेत्र के समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान पर नगर कोटा के जयस्तंभ चौक से मेन रोड होते हुए शासकीय अस्पताल, नगर पंचायत तक और फि र वापस नाका चौक तक स्वयंसेवकों ने सड़क के दोनों ओर सिंगल यूज प्लास्टिक सहित कचरा एकत्र करते हुए तथा लोगों को सफ ाई के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न नारे भी लगाए। सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय एकता दिवस के लिए जागरूकता संदेश कोटा के डॉ. सी वी रमन, शासकीय निरंजन महाविद्यालय, शासकीय डी के पी उ मा शाला इकाई 1 व 2, कन्या उ मा शाला कोटा, सी आर महाविद्यालय पिपरतराई, शा उ मा शा नवागांव के स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी जयशंकर यादव, शितेश जैन, शिवशंकर नामदेव, विक्रमधर दीवान, टी टोडर, मनीष मुखर्जी, मुर्सलीन खान एवम सहयोगी शिक्षक उपस्थित रहे। बी एम ओ डॉ. संदीप द्विवेदी,रामलाल साहू, सुनील गुप्ता भी अस्पताल परिसर व नगर पंचायत परिसर में शामिल हुए।



जन भागीदारी के माध्यम से भारत को स्वच्छ करने की कल्पना की गई।

# कार्यक्रम अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

विश्वविद्यालय, रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के समुचित संचालन हेतु कार्यक्रम अधिकारियों की एक **दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला** दिनांक 06.10.2021 को बिलासा सभागार अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि. में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला बिलासपुर, कोरबा एवं मुंगेली के 130 कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में वि.वि.के कुलसचिव डॉ. सुधीर शर्मा एवं अध्यक्षता डॉ. मनोज सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शभारंभ सुश्री संस्कृति शास्त्री कार्यक्रम अधिकारी डी.एल एस महा.बिलासपुर द्वारा राज्यगीत से प्रारंभ किया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण डॉ. मनोज सिन्हा कार्यक्रम समन्वयक रासेयो, अटल बिहारी वाजपेयी वि. वि. द्वारा किया गया। डॉ. विमल पटेल, पूर्व राज्य संपर्क अधिकारी द्वारा अपने पूर्व अनुभव को कार्यक्रम अधिकारियों के मध्य साझा किया गया। कुलसचिव डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में किए जाने वाले कार्यो को एक प्रशिक्षण के रूप में हम कैसे तब्दील कर सकते हैं तथा छात्रों को कैसे सिखा सकते हैं, इस पर चर्चा की उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। हम समाज सेवा के लिए किस प्रकार आगे आ सकते हैं। एक कार्यक्रम अधिकारी के रूप में अपने अनुभव को उन्होंने कार्यक्रम अधिकारियों के मध्य साझाा किया।

<u>स्वच्छता कार्य योजना दिवसीय कार्यशाला</u>

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,बिलासपुर द्वारा **स्वच्छता कार्य योजना (Swachhta Action Plan 2020-21)** के अंतर्गत स्वच्छता पर दिनांक 26.10.2021 को खमतराई में एक दिवसीय कार्यशाला/श्रमदान स्वच्छता गतिविधियॉ मुख्य रूप से एकल/सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे, ग्राम सौदर्यीकरण अभियान तथा पारंपरिक जल स्त्रोतों का रख रखाव इत्यादि कार्यक्रम किया गया। जनजागरूकता कार्यक्रम के साथ–साथ सिंगल यूज प्लास्टिक एवं अन्य कचरे का संग्रह भी किया। स्वच्छता कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुलपति मान्. आचार्य ए.डी.एन.वाजपेयी जी, कुलसचिव डॉ. सुधीर शर्मा जी, क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल से निदेशक ए.एस. कबीर जी, बेलतरा विधान सभा के विधायक मान्. रजनीश सिंह जी, पूर्व राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. विमल पटेल, डी.पी.विप्र महाविद्यालच, बिलासपुर, रासेयो के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनोज सिन्हा, रासेयो जिला संगठक जिला बिलासपुर डॉ. संजय तिवारी, वार्ड पार्षद श्री पुरषोत्तम पटेल , कार्यक्रम अधिकारी श्री गौरव साहू श्री यूपेश कुमार, रीना ताम्रकार, रेखा गुल्ला, श्रीमती वंदना सहस्त्रबुकद्धे,, संस्कृति शास्त्री, प्रताप पाण्डेय, मोना केंवट एवं लगभग 120 स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ बगदाई मंदिर से आचार्य ए.डी.एन.वाजपेयी, डॉ. सुधीर शर्मा,ए.एस. कबीर एवं मान्. रजनीश सिंह ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर प्रारंभ किया गया।






## <u>प्री आर.डी.सी.परेड शिविर</u>

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में **विश्वविद्यालय स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस** परेड शिविर –2021 हेतु स्वयं सेवकों का चयन परेड शिविर दिनांक **26 अक्टूबर, 2021** आयोजित किया गया। चयनित प्रतिभागी **दिनांक 15 नवम्बर, 2021 से 24 नवम्बर, 2021 तक पटना, बिहार** में होने वाले प्री आर.डी.सी.परेड कैम्प में भागीदारी होगें। चयन समिति में श्री अशोक नागपुरे एनसीसी अधिकारी शास.बहु.उ.मा.वि.बिलासपुर, रेखा गुल्ला, महारानी कन्या उ.मा.वि.बिलासपुर एवं श्रीमती ममता मिश्रा, देवकीनंदन कन्या उ.मा.वि.बिलासपुर के द्वारा चयन गाईड लाईन का पालन करते हुए निम्न स्वयंसेवकों का चयन किया गया। हसनैन रब्बानी– जे.पी.वर्मा कला/वाणिज्य महा. बिलासपुर, मोहनीस पुलस्त–शास.ई.व्ही.पीजी.महा. कोरबा, कु.पूजा गुप्ता – के.एन.महा.कोरबा ,कु. किरण साहू – शास.ई.रा.रा.विज्ञान महा.बिलासपुर तथा प्रतिक्षा सूची में महेश कुमार–डी.पी.विप्र विधि महा.बिलासपुर एवं अंजुम खान –डीएलएस महाविद्यालच, बिलासपुर रहें।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर मानव श्रृंखला का निर्माण



अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,बिलासपुर द्वारा दिनांक 31 अक्टूबर, 2021 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर नगर के नेहरू चौक से मंगला चौक तक हम सब एक है कि थीम पर एक मानव श्रृंखला का निर्माण किया तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई । इस कार्यक्रम में नगर स्थित रासेयो के 30 संस्थाओं के स्वयंसेवकों ने मानव श्रृंखला बनाया गया।

## विश्वविद्यालय एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में युवा ब्लू ब्रिगेड–फेस 2 कार्यशाला का आयोजन ''युवा स्पीक्स''



स्पीक्स कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 12.11.2021 एवं 13.11.2021 को हॉटल इंटरसिटी,बिलासपुर में किया गया। जिसका उद्देश्य युवाओं के भविष्य निर्माण में आने वाली समस्याओं के समाधान ढूढ़ने के प्रयास करना तथा अपने आसपास की समस्याओं के समाधान के लिए युवाओं को तैयार करना है। इस दो दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन का शुभारंभ स्वागत सत्र से हुआ जिसमें कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में डॉ. नीता बाजपेयी (कार्यक्रम समन्वयक एवं नोडल अफिसर) पं.रविशंकर शुक्ल वि.वि.रायपुर, डॉ. मनोज सिन्हा, कार्यक्रम समन्वयक, अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि. बिलासपुर, डॉ.संजय तिवारी जिला संगठक जिला बिलासपुर, जागृति देव, (स्वयंसेवक युवा शक्ति) के स्वागत के साथ हुआ। डॉ. मनोज सिन्हा द्वारा युवाओं को भारत का भविष्य बताते हुए उन्हे देश के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए तैयार होने की बात कही। इसी श्रृखला में डॉ. नीता बाजपेयी ने युवाओं को उनके भविष्य में आने वाली हर चुनौती से लड़ने के लिए स्वयं को तैयार रखने की बात कही। जागृति डीह ने उपस्थित युवाओं के समक्ष उनके भविष्य निर्माण से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न जैसे आप आगामी पांच वर्षो में स्वयं को कहॉ देखने हैं से संबंधित आदि प्रश्नों पर आधारित गतिविधियॅा प्रदान कर युवाओं`से खुलकर चर्चा की इस कार्यक्रम में युवाओं



बिलासपुर, शनिवार 13 नवंबर, 2021

### भविष्य निर्माण में युवाओं को नहीं होगी समस्या

कार्यक्रम में शामिल रासेयो व यूनिसेफ के कार्यकर्ता • नईदुनिया

**बिलासपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** राष्ट्रीय सेवा योजना छत्तीसगढ़ व यूनिसेफ की ओर से छत्तीसगढ़ में युवा स्पीक्स कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को शहर में आयोजन हुआ। इसमें युवाओं को समस्या से निपटने के तरकीब बताए गए। दो दिनी कार्यक्रम के पहले दिन बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

होटल इंटरसिटी में आयोजित इस कार्यक्रम युवाओं को विद्वानों ने संबोधित किया। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की ओर से कार्यक्रम किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत सत्र के साथ हुआ इसमें डा.नीता बाजपेयी (कार्यक्रम समन्वयक एवं नोडल आफिसर, पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय), डा. मनोज सिन्हा, (कार्यक्रम समन्वयक, अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय), डा. संजय तिवारी, (जिला संगठक) जागृति डीह, (समन्वयक, युवा शक्ति) के स्वागत के साथ हुआ। इसके बाद डा. मनोज सिन्हा द्वारा युवाओं को भारत का भविष्य बताते हुए उन्हें देश के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए तैयार होने की बात कही। इसी शृंखला में डा. नीता बाजपेयी ने युवाओं को उनके भविष्य में आने वाली हर चुनौती से लड़ने के लिए स्वयं को तैयार रखने की बात कही। युवा शक्ति की समन्वयक मती जागृति डीह ने उपस्थित युवाओं के समक्ष उनके भविष्य निर्माण से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न जैसे- आप आगामी पांच वर्षों में स्वयं को कहां देखते हैं? से संबंधित आदि प्रश्नों पर आधारित गतिविधियां प्रदान कर युवाओं से खुलकर चर्चा की। इस कार्यक्रम में युवाओं को उनके अंतर्मन में छुपी भावनाओं को प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया। इसी शृंखला में श्रेया पांडेय, युवा शक्ति टीम, ईशान गुप्ता, चांदनी नागदेव द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। इस कार्यक्रम में सैम सुधीर बंदी, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के कम्युनिकेशन आफिसर ने युवाओं के मन को टटोलते हुए उनकी इच्छाओं को जानने का प्रयास किया। युवाओं को विभिन्न टास्क देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन अनिरुद्ध सिंह, युवाशक्ति टीम द्वारा किया गया। इसके तहत इस कार्यक्रम में रीमा गांगुली (जिला समन्वयक, यूनिसेफ) कार्यक्रम अधिकारी मुकुल शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी गौरव साहू, कार्यक्रम अधिकारी रीना ताम्रकर, कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश दुबे, हुमन्स आफ छत्तीसगढ़ की टीम से आकाश गुप्ता, आयुष्मान त्रिपाठी, भूपदेव चंद्राकर, बालाराम प्रजापति, विनोद कुमार कौशिक, परमेश्वर सिंह राठौर सहयोगात्मक रूप से आदि उपस्थित रहे।

को उनके अंतर्मन में छुपी भावनाओं को प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया। इस कार्यक्रम में सैम सुधीर बंदी, यूनिसेफ छ.ग. के कम्युनिकेशन आफिसर ने युवाओं के मन को टटोलते हुए उनकी इच्छाओं को जानने का प्रयास किया। युवाओं को विभिन्न टास्क देकर प्रोत्साहित किया कार्यक्रम का संचालन अनिरूद्ध सिंह, युवा शक्ति टीम द्वारा किया गया। इस प्रथम दिवस के कार्यक्रम में रीमा गांगुली (जिला संमन्वयक यूनिसेफ) , कार्यक्रम अधिकारी श्री गौरव साहू, श्री मुकुल शर्मा, रीना ताम्रकार, दुर्गेश दुबे एवं रासेयो स्वयंसेवकों ने सहभागी रहे।

**दिनांक 13.11.2021 –** द्वितीय दिवस को मुख्य अतिथि के रूप में श्री शैलेश पाडेण्य विधायक बिलासपुर ने युवाओं के सवालो का जवाब दिया छात्र हित से जुड़े मुददो पर खुलकर बात करते हुए कहा कि जिंदगी में लक्ष्य हमेशा बड़ा रखना चाहिए। व्यवसायिक पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के लिए यातायात सुविधा, छात्रावास , खेल परिसर तथा नई तकनीकी को लेकर बल दिया। इस अवसर पर बिलासपुर जिले के पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार झा ने भी युवा शक्ति की आकांक्षाओं के अनुरूप विचार विमर्श कर युवाओं के सवालो का उत्तर दिया। कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि संवाद व अंर्तसंवाद अवश्य होना चाहिए । कार्यक्रम में भानू प्रताप सिंह अध्यक्ष छ.ग. अनुसूचित जनजाति आयोग विशेष रूप से उपस्थित रहे इसके अलावा राज्य रासेयो अधिकारी एवं पदेन उपसचिव डॉ. समरेन्द्र सिंह, पं.रविशंकर शुक्ल के कार्यक्रम समन्वयक प्रो.नीता वाजपेयी, अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि. के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनोज कुमार सिन्हा , अधिष्ठाता छात्रकल्याण डॉ. एच.एस.होता , युवा शक्ति के समन्वयक श्रीमती जागृति देव, समाज सेवी सरगुजा से श्री प्रशांत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कोविड–19 से बचने के उपाय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



राष्ट्रीय संेवा योजना प्रकोष्ठ, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर, यूनिसेफ ब्लू ब्रिगेड भाग–2 तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के संयुक्त तत्वाधान में बिलासपुर नगर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के लिये कोविड–19 से बचने के उपाय विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 08.12.2021 को विश्वविद्यालय परिसर, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में किया गया । जिसमें रंगोली हेतु मुख्य विषय –

1.कोविड से बचाव का अनुकूल व्यवहार

2. मास्क एवं सामाजिक दूरी

3. सेनेटाईजर्स का उपयोग

4.सभी के लिए टीकाकरण

5.टीका लगाकर सुरक्षित हो

6.बाल हिंसा को रोकना विषयों पर आधारित थी।



## राष्ट्रीय सेवा योजना

1. दिनांक 30/10/2021 को ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों/सेविकाओं द्वारा शपथ ग्रहण किया गया।
2. दिनांक 22/11/2021 को ''नमामि अरपा मैया'' विषय के अंतर्गत कैम्प का आयोजन कर एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों/सेविकाओं द्वारा अरपा नदी की सफाई एवं जागरूकता अभियान चलाया गया।
3. दिनांक 01/12/2021 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन।
4. दिनांक 08/12/2021 को कोविड से बचने के उपाय विषय पर रंगोली कार्यक्रम का आयोजन।
5. दिनांक 15/12/2021 को गोदग्राम लोफंदी स्थित प्रायमरी स्कूल में गुड हैबीट, गुड टच–बैड टच, पौष्टिक आहार एवं कोरोना से बचने के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन।
6. दिनांक 22/12/2021 को ग्राम सेंदरी स्थित शास. उच्चतर माध्यमिक शाला में एन.एस.एस. की बालिका इकाई द्वारा मासिक धर्म से संबंधित एवं विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. पलक जायसवाल द्वारा Sample sanitary napkins का वितरण किया गया।
7. दिनांक 31/12/2021 को अटल बिहारी विश्वविद्यालय में कोविड–19 से बचाव हेतु वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं सहित कुल 73 लोगों ने वैक्सीन का प्रथम एवं द्वितीय डोज लगवाया।

# <u>अन्तर्विश्वविद्यालयीन पुरूष हॉकी प्रतियोगिता शुरू, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा– प्रशिक्षण से खेल में आगे बढ़ेगा छत्तीसगढ़</u>

भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा आयोजित पूर्वी क्षेत्र अन्तर्विश्वविद्यालयीन पुरूष हॉकी प्रतियोगिता का उद्‌घाटन  खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री उमेश पटेल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अच्छे खेल के लिए प्रशिक्षण जरूरी है। प्रशिक्षण से पदक तालिका में छत्तीसगढ़ का नाम आगे बढ़ेगा। राज्य में इसकी शुरूआत हो गई है।

मुख्य अतिथि श्री उमेश पटेल ने कहा कि बिलासपुर में खेल प्रशिक्षण की कमी को दूर करने के लिए पांच स्थानों पर पायलेट प्रोजेक्ट के तहत प्रशिक्षण की शुरूआत की गई है। जिसमें तीन प्रोजेक्ट बिलासपुर में है। छत्तीसगढ़ खेल के अधोसरंचना के हिसाब से कई राज्यों से अच्छी स्थिति




में है लेकिन पदक तालिका में राज्य का स्थान नीचे रहता है। उन्होंने आशाा व्यक्त कि पायलेट



प्रोजेक्ट में सफलता मिलने पर प्रदेश के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का परचम लहराएंगे।



श्री पटेल ने बताया कि बहतराई स्टेडियम को सर्व सुविधायुक्त बनाने के लिए जो मांगे रखी गई थी उन सभी पर स्वीकृति दी गई है।

विशिष्ट अतिथि संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि सिंह ने कहा कि स्व. श्री बी.आर. यादव के नेतृत्व में 32 वर्ष तक बिलासपुर में अखिल भारतीय गोल्ड कप हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।



हॉकी खेल को बिलासपुर के निवासी अपना आन बान और शान समझते थे। सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम और खेल प्रशिक्षण संस्थान से यहां के प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ए.डी.एन. वाजपेजी ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया कि कोरोना संक्रमण के बाद यह पहला खेल आयोजन है। उद्बोधन



पश्चात खेल मंत्री ने मैदान में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए स्वयं भी हॉकी स्टिक पकड़ कर गोल दागे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. सुधीर शर्मा, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, अभय नारायण राय, विश्वविद्यालय के अधिकारी,. कर्मचारी, छात्र–छात्राएं एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

## Refresher course

Shri. Harry George (2 Dec to 15 December 2021) Refresher course in Tourism, Hospitality and Management. HRDC-NEHU, Shillong, Meghalaya

## Publications

1. Tarun Dhar Diwan, Siddharth Choudhary, **H.S.Hota,** Feature Entropy Estimation (EEE) for Malicious IoT Traffic and Detection Using Machine Learning , Distributed Secure Computing for Smart Mobile IoT Networks 2021 a special issue of Mobile Information System, Volume 2021
2. Rashmi Gupta, Ragini Shukla, **H.S. Hota,** A multi integrated optimization techniques and classification of breast cancer disease using an Artificial Neural Network, Design Engineering, Issue 8, pp 5632-5644
3. Rashmi Gupta, **H.S. Hota**, Ragni Shukla, Akhilesh Shrivas, Classification of Medical Diseases using Hybridization of Data Mining with Particle Swarm Optimization technique, accepted for publication in International journal of Mathematical Engineering and Management Sciences
4. Anamika Shukla Sharma, **H.S. Hota,** An early cardiovascular prediction IoT framework using Machine Learning classification Algorithms, **Accepted** for publication in AIP conference proceedings .
5. **H.S.Hota,** D.K. Sharma, Richa Handa**,** Forecasting spread of COVID-19 cases in six countries using Ensemble regression techniques and Wavelet Denoising accepted in Advances in Data Analytics, Soft Computing and Infocomm technology , A special issue of Recent Advances in Computer Science and Communications.
6. Habjit Pattnaik, Prakash Kumar Sarangi, Padan Kumar Jena, Hara Prasad Sahoo and Latika Bhatia (2022). Production of phenolic flavouring compounds from sugarcane bagasse by Lactobacillus acidophilus MTCC 10307. Archives of Microbiology (Springer). 204:23 https://doi.org/10.1007/s00203-021-02655-2.
7. Latika Bhatia, Prakash Kumar Sarangi, Akhilesh Kumar Singh, Anand Prakash and Krushna Prasad Shadangi (2021) Lignocellulosic waste biomass for biohydrogen production: Future challenges and bioeconomical perspectives. Biofuel, Bioproduct & Biorefining (Biofpr) (Wiley-Blackwell). In Special issue: Biorefineries for waste biomass towards sustainable Bioeconomy (BWTBSB). DOI: 10.1002/bbb.2329.

## Book Chapter

1. **H.S. Hota**, Vineet Awasthi, Development of Intelligent weighted based portfolio system using weighted goal programming, **accepted** for publication in edited book, Applications of Mathematical Modeling, Machine Learning, and Intelligent Computing for Industrial Development, CRC Press, Taylor & Francis Group, LLC.
2. **H.S.Hota,** Richa Handa, Regression Ensemble Techniques with Technical Indicators for Prediction of Financial Time Series Data, **accepted** for publication in edited book, Applications of Mathematical Modeling, Machine Learning, and Intelligent Computing for Industrial Development, CRC Press, Taylor & Francis Group, LLC.
3. Latika Bhatia (2022) Glycerol and its derivatives (propanediol, glycerolcarbonate, epichlorohydrin): implicit role in bioeconomy. Chapter 10. In: Production of Top 12 Biochemicals selected by USDOE from renewable resources: Status and Innovation. **(Elsevier)**. Editors Dr. Anuj Chandel & Dr. Fernando Segato. Available online 14 October 2021. Book ISBN - 978-0-12-823531-7 DOI - https://doi.org/10.1016/B978-0-12-823531-7.00014-7 Pages 317-343.

# Edited Books

1. Madhu Jain, Rakhi, D.K.Sharma, **H.S.Hota,** Edited book on Applications of Mathematical Modeling, Machine Learning, and Intelligent Computing for Industrial Development, **accepted** for publication by CRC Press, Taylor & Francis Group, LLC **(Scopus Indexed).**
2. Editor-in-chief of American Institute of Management and Technology Proceedings (AIMTCP), Vol. 1, No.1, 2021: A Proceeding of 2021 AIMT Conference on Interdisciplinary research in Applied Mathematics, Management and Technology (IRAMMT) June 20-21, 2021 held online and organized by American Institute of Management and Technology (AIMT), Inc. USA.
3. Editor-in-chief of American Institute of Management and Technology Proceedings (AIMTCP), Vol. 1, No.2, 2021: 2021 ABVV-AIMT-A Proceeding of 3rd International Conference On Innovative Research in Science, Management and Technology (ICIRSMT 2021) held Online during December 27-28, 2021 organized by Department of Computer Science and Application, Atal Bihari Vajpayee University, Bilaspur, C.G., India in Association with American Institute of Management and Technology(AIMT) Inc. USA.

**Talk Delivered /Paper presented**

Prof. H.S. Hota Delivered a talk on Open Source software in one week workshop on Research Methodology organized by Department of education, Guru Ghasidas university, Bilaspur and sponsored by ICSSR, New Delhi on 14th December 2021.

Prof. H.S. Hota Chaired a technical session in 3rd International Conference in Science, Management and Technology (ICIRSMT 2021) organized by Department of Computer Science and application, Atal Bihari Vajpayee University, Bilaspur (C.G.), India in Association with American Institute of Management and Technology (AIMT), USA.

Mr. Harry George Presented paper entitled “Positioning of Chhattisgarh as a religious Tourism Destination” in 3rd International conference on Innovative Research on science management and technology (ICIRSMT 2021) December 27-28, 2021.

# संपादक मंडल